>

Title: Need to set up LPG Agencies in Supaul district headquarter, Bihar.

श्री विश्व मोहन कुमार (सुपौल): माननीय सभापति महोदय, सदन के माध्यम से माननीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र सुपौल की तरफ आकृष्ट करना चाहता हूं और जनहित का एक प्रमुख मुद्दा उठाना चाहता हूं। सुपौल जिला मुख्यालय होने के बावजूद एक भी गैस एजेंसी वहां अभी तक नहीं है। शायद यह भारत वर्ष में पहला जिला होगा, जहां एक भी गैस एजेंसी नहीं है। पहले एक संगीता इंडेन थी, लेकिन यह कानूनी अड़चन के चलते 15 वर्षों से बंद है।

शहर के उपभोक्ताओं को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। त्रिवेणीगंज के भवानी इंडेन से तत्कालिक तौर पर सुपौल एवं राधोपुर में सप्लाई करना पड़ता है, जो पर्याप्त नहीं है। अधिकांश कालाबाजारी में सिलेंडर चला जाता है। वहां 26 गाड़ी ही आती हैं, जिसे तीन शहरों में बांटा जाता है। यह अनुकूल नहीं है।

अतः माननीय मंत्री जी से आग्रह है कि सुपौल मुख्यालय सहित राधोपुर, करजैन बाजार, निर्मली, कुनौली, पिपरा, वीरपुर एवं मधेपुरा जिला के शंकरपुर, कुमारखंड में गैस एजेंसी की अविलंब व्यवस्था की जाए, ताकि लोगों के आक्रोश एवं जनसमस्याओं का समाधान हो सके।